# फर्जी आईडी और मैट्रिमोनी साइट के जरिए शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को धरमजयगढ़ थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

- धरमजयगढ़ थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने दिल्ली से किया गिरफ्तार
- मैट्रिमोनियल साइट पर खुद को आईबी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का अफसर उल्लेख करते हुए फेक आईडी बनाकर कामकाजी और नौकरीपेशा वाली महिलाओं को बनाता था ठगी का शिकार
- गिरफ्तार आरोपी से ठगी कर खरीदी गई स्कोडा कार, फर्जी आई कार्ड और मोबाइल जब्त
- धोखाधड़ी-दुष्कर्म के आरोप में भेजा गया रिमांड पर



**रायगढ़।** गत दिनों थाना धरमजयगढ़ क्षेत्र की एक महिला शासकीय सेवक एसपी कार्यालय आकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार से मिलकर उन्हें बतायी कि उसके साथ एक व्यक्ति मैट्रिमोनी साईट के जरिए संपर्क में आया जिसने खुद को आईबी का अधिकारी बताकर महिला से नजदीकियां बनाई और बाद में शादी रचाया जो इससे अलग अलग बहानों से लगभग 30 लाख रुपए की ठगी करके भाग गया है । पीड़िता ने बताया कि आरोपी इन्द्रनाथ जाड़ी नाम बदलकर रोहित नाम से मैट्रिमोनी साईट पर प्रोफाइल बना रखा है और इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए कामकाजी महिलाओं को टारगेट करता है, पीड़िता ने बताया उसके साथ हुए छल का पता उसे फेसबुक इंस्टाग्राम के जरिए आरोपी का शिकार बनी अन्य महिलाओ से संपर्क करने पर पता चला।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को थाना धरमजयगढ़ में शिकायत आवेदन पर से अपराध दर्ज कर साइबर सेल और धरमजयगढ़ पुलिस को मामले की बारीकी से जांच करने का निर्देश दिया गया।

जांच पर पता चला कि पीड़िता का वर्ष 2018 में मैट्रिमोनी साइट पर रोहित लकड़ा नाम से बने प्रोफाइल व्यक्ति से परिचय हुआ जो आई बी अधिकारी होना बताया, जिससे मिलने-जुलने के बाद दोनों वर्ष 2021 में आर्य समाज के मंदिर में शादी कर लिये। रोहित लकड़ा ने विभाग से सस्पेंड हूं कहकर पहले 70000/- रूपये धोखा देकर लिया और दिल्ली जा रहा हूं कहकर चला गया। कुछ दिनों के बाद रोहित लकड़ा धरमजयगढ़ आकर बिलासपुर स्कोड़ा शो रूम से इसके नाम से फायनेंस में 22 लाख रूपये का स्कोड़ा कार क्रमांक CG 13 AS 9787 लिया और कार लेकर चला गया। रोहित लकड़ा जब अपने बहन की शादी में शामिल होने माघेटोली, जशपुर ले कर गया था। जहां रोहित लकड़ा का वास्तविक नाम इन्द्रनाथ जाड़ी होना पता चला और उसके इंस्टाग्राम फेसबुक आईडी देखने से यह पता चला उसका पहले भी कई महिलाओं के साथ संपर्क में रहा है और पहले भी कई शादियां कर चुका है। जब तक इसे पता चला तब तक रोहित उर्फ इन्द्रनाथ जाड़ी दिल्ली में एक नई युवती को झांसा देकर उसके साथ ब्याह रचा लिया था और दिल्ली में छुप कर बैठा था। आरोपी के विरूद्ध थाना धरमजयगढ़ में अप.क्र. 48/2023 धारा 419, 420 आईपीसी + 376 आईपीसी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

अपराध पंजीबद्ध करने के बाद एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर आरोपी के वर्तमान मोबाइल नंबर को सर्विलांस में रखकर आरोपी के सोशल मीडिया पोस्ट से उसका पता लगाया गया जिसके दिल्ली में होने की जानकारी पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर टीआई सीताराम ध्रुव थाना प्रभारी धर्मजयगढ़ के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली रवाना हुई। जहां एक सप्ताह कैंप कर पुलिस टीम ने आरोपी को धर दबोचा और हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। आरोपी बार बार नंबर बदल रहा था इसलिए टीआई सीताराम की टीम ने जिस लड़की से आरोपी ने शादी की थी पहले उसे खोजकर आरोपी की जानकारी जुटाकर उसकी घेराबंदी की।

आरोपी के संबंध में जानकारी मिली है कि वह 12वीं तक की शिक्षा लिया है। पत्थलगांव में अपने सायकल से दुकानों में किराना सामान पहुंचाने का काम करता था। इसने वर्ष 2008 में सामाजिक रीति रिवाज के साथ पत्थलगांव की महिला से शादी किया है और परिवारिक अनबन में विवाहिता पत्नी को छोड़ दिया। आरोपी ने रांची के एक कैफे से आईबी में सब इंस्पेक्टर का फर्जी आई कार्ड रोहित लकड़ा के नाम से बनाना बताया और दिल्ली जाकर रहने लगा। पिछले कुछ सालों से आरोपी गैर महिलाओं को मैट्रिमोनियल साइट पर फर्जी प्रोफाइल से धोखा देने का काम करने लगा। आरोपी के टारगेट में सम्पन्न और जॉब करने वाली लड़कियां होती थी।

आरोपी रोहित लकड़ा उर्फ इंद्रनाथ जाड़ी ने कई महिलाओं के साथ लिव इन रिलेशन में रहना बताया है और कई महिलाओं से संतान होना भी बताया है। आरोपी के गुड़गांव, पंजाबीबाग, दिल्ली, कोलकाता, गुवाहाटी, मुंबई, जबलपुर, कुनकुरी, धनबाद अनूपपुर, धरमजयगढ़ की अब तक 17 युवतियों से धोखाघड़ी करने की जानकारी मिली है। इन महिलाओं से धर्मजयगढ़ पुलिस द्वारा संपर्क कर आरोपी के गिरफ्त में होने के संबंध में अवगत करा दिया गया है ताकि सभी को विधिक सहायता दी जा सके।

आरोपी के विरूद्ध थाना पंजाबी बाग दिल्ली में महिला द्वारा दुष्कर्म (धारा 376) के तहत अपराध पंजीबद्ध कराने की जानकारी मिली है इस मामले में आरोपी फरार चल रहा है। संबंधित थाने को भी जानकारी दी जा रही है। वहीं आरोपी के झांसे में आकर धनबाद निवासी एक युवती शादी करने के लिये आरोपी के कहने पर स्टेट बैंक से रु.5,00,000 लोन लेने की जानकारी मिली है। जिसे आरोपी के धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा हिरासत में लेने की जानकारी दी गई है और विधिक सहायता का आश्वासन दिया गया है।

आरोपी रोहित लकड़ा उर्फ इंद्रनाथ जाड़ी पिता गोविंदराम तुरी उम्र 35 साल निवासी नारायणपुर माधव टोली चौकी आरा थाना जशपुर जिला जशपुर (छत्तीसगढ़) के पास से धरमजयगढ़ पुलिस ने एक फर्जी आईकार्ड, एक सैमसंग एंड्रायड मोबाइल और ठगी कर खरीदी करायी गई स्कोडा कार CG 13 AS 9787 कीमत 22 लाख रूपये को जप्त कर आरोपी के शादी डॉट कॉम वेबसाइट की प्रोफाईल सुरक्षित किया गया है। आरोपी को आज थाना धरमजयगढ़ के धोखाधड़ी एवं दुष्कर्म के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आठ मार्च होली पर्व पर शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** शासन द्वारा होली पर्व 8 मार्च 2023 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ),कम्पोजिट मदिरा (सी.एस.-2 घघ), विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ एवं एफ.एल.-3 होटल बार) दुकानों, भांग दुकान तथा भण्डारण भाण्डागार पूर्ण रूप से बंद रखने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवस में मदिरा, मादक पदार्थ विक्रय/परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

### असामायिक मृत्यु के दो प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग धरमजयगढ़ अंतर्गत दो लोगों की प्राकृतिक आपदा से असामायिक मृत्यु होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम-बालकपोड़ी निवासी देवनारायण की 16 अक्टूबर 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी धनकंवर सिदार को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-बंधनपुर निवासी दयालु साय की 21 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पुत्र किरण बरवा को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मातृ एवं शिशु मृत्यु के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्यम सभाकक्ष में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में किरोड़ीमल शासकीय जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ.आर.एन.मंडावी, जिला प्रभारी नोडल अधिकारी समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी एवं खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु वर्ष 2022-23 की जानकारी लेते हुए विचार विमर्श किया गया।

# दो बाइक चोर गिरफ्तार, आरोपियों से चोरी की 5 मोटर सायकलें बरामद

- रायगढ़ और बरमकेला से चुराए मोटर सायकलों को घर के पीछे छिपा रखे थे आरोपी

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर पुसौर थाना प्रभारी निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम के नेतृत्व में आज पुसौर पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर चोरी की पांच मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गत दिनों क्राईम मीटिंग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पत्ति संबंधी अपराधों में कमी लाये जाने के उद्देश्य से पूर्व में चोरी के आरोपियों को निगाह में रखकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। निर्देशों पर सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर पुसौर पुलिस संदिग्धों पर नजर रखने मुखबिर तैनात कर रखा गया है। आज सुबह थाना प्रभारी पुसौर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कर्राजोर के जयकिशन बेलाल के पास चोरी की बाइक हैं जिसके बाद पुसौर पुलिस ने छापेमारी कर जयकिशन को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया और चोरी में उसके सहयोगी रहे आरोपी विनोद साव निवासी कोड़ातराई जूटमिल को पकड़ा गया। आरोपी जयकिशन बेलाल को पूर्व में भी बाइक चोरी में चालान किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में रायगढ़ के जूटमिल इलाके और बरमकेला क्षेत्र से चोरी कर घर के पीछे बाड़ी में छिपा कर रखे हुए थे आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 04 एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल और 01 टीवीएस कंपनी का स्टार मोटरसाइकिल कुल कीमत करीब रु.115000 का बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपी (1) किशन महंत पिता बेलाल महंत उम्र 21 साल निवासी कर्राजोर थाना पुसौर (2) विनोद साहू पिता गंगाराम साहू 35 साल निवासी कोड़ा तराई थाना जूटमिल पर थाना पुसौर में धारा 41(1+4)CrPC/ 379 IPC के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम के नेतृत्व में माल मुल्जिम पतासाजी में प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय, राजेश गुप्ता, आरक्षक लक्ष्मी पटेल, प्रकाश गिरी गोस्वामी, चंद्रशेखर लोधा की अहम भूमिका रही है।



# उठाईगिरी मामले का कुख्यात आरोपी सुनील नट गिरफ्तार

- आरोपी ने सहयोगी के साथ बाइक डिक्की से पार किया था 2 लाख रुपए



**रायगढ़।** 23 फरवरी को बेमेतरा मार्केट में मोटरसाइकिल के डिक्की में रखें नगदी रकम रु.200000 के उठाईगिरी मामले के आरोपी सुनील नट उर्फ खोखरू को आज कापू थाना क्षेत्र में बेमेतरा पुलिस टीम ने लैलूंगा थाना स्टाफ के सहयोग से घेराबंदी कर पकड़ा गया है।

जानकारी के मुताबिक बेमेतरा पुलिस ने उठाईगिरी मामले में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे अज्ञात आरोपी के फोटोग्राफ्स जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साझा किया गया था। उठाईगिरी के आरोपियों के फोटोग्राफ्स रायगढ़ जिले के पुलिस ग्रुप में शेयर किये जाने से लैलूंगा थाने के प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी ने आरोपी के नट गिरोह के सदस्य सुनील नट उर्फ खोखरू और नान्हू नट से मिलान होना बताया। कल आरोपी पतासाजी के लिए बेमेतरा पुलिस रायगढ़ पहुंची। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने एसडीओपी धरमजयगढ़ को आरोपी पतासाजी में बेमेतरा पुलिस को सहयोग करने के निर्देश दिए। एसडीओपी धरमजयगढ़ द्वारा थाना लैलूंगा के प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी और आरक्षक जॉन प्रकाश टोप्पो को बेमेतरा पुलिस टीम के सहयोग के लिए टीम को रिपोर्ट करने निर्देशित किये। ज्वांइट टीम ने आरोपी सुनील नट के गांव में मुखबिर लगाकर सूचना लिया गया जिसके गांव में देखे जाने की सूचना पर आज सुबह भोर में सुनियोजित तरीके से पुलिस टीम ने रेड कर ग्राम कंड्रजा, कापू में आरोपी सुनील को हिरासत में लिया गया। आरोपी सुनील नट उर्फ खोखरू नट पिता कैलाश नट उम्र 30 साल निवासी कंड्रजा, थाना कापू ने लूट की वारदात को अपने सहयोगी नान्हू नट के साथ मिलकर अंजाम देना बताया। नान्हू नट वारदात के बाद से फरार हैं। आरोपी सुनील नेट को बेमेतरा पुलिस के सहायक उप निरीक्षक अरविंद शर्मा व हमराह स्टाफ अपने कब्जे में लेकर बेमेतरा के लिए रवाना हुये हैं। विदित हो कि पूर्व में गरियाबंद पुलिस ने नट गिरोह के शातिर आरोपी नान्हू नट को धरमजयगढ़ पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया था।

# सूपा गौठान में शुरू हुआ गोबर पेंट यूनिट, निरीक्षण में पहुंचे संभागायुक्त

- रीपा में तैयार उत्पादों के मार्केट लिंकेज पर करें काम-संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग
- संभागायुक्त डॉ.अलंग से समूह की महिलाओं ने कहा गौठान से जुड़कर अब घर खर्च में बंटा पा रहे हाथ
- निर्माणाधीन ग्रामीण औद्योगिक पार्क का भी लिया जायजा



**रायगढ़।** संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग रायगढ़ जिले के दो दिवसीय प्रवास रहे। यहां उन्होंने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लिया। अपने प्रवास के दूसरे दिन वे पुसौर विकासखण्ड के सूपा गौठान पहुंचे। यहां जिले का पहला गोबर पेंट यूनिट लगाया गया है। इसके अलावा यहां ग्रामीण औद्योगिक पार्क भी तैयार किया जा रहा है। संभागायुक्त डॉ.अलंग ने रीपा में चल रहे कार्यों का अवलोकन किया तथा गोबर पेंट यूनिट में पेंट प्रोडक्शन का काम भी देखा। उन्होंने रीपा में बनने वाले उत्पादों के साथ तैयार हो रहे पेंट के मार्केट लिंकेज पर विशेष रूप से कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने गौठान में बाड़ी विकास तथा मल्टी एक्टीविटी सेंटर में महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी निरीक्षण के दौरान साथ उपस्थित रहे।

संभागायुक्त डॉ.अलंग ने गौठान परिसर में स्थापित गोबर पेंट यूनिट का जायजा लिया। उन्होंने मशीन की क्षमता के साथ उपयोग होने वाले रॉ-मटेरियल व पेंट तैयार करने के प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गोबर से पेंट तैयार करने के इस काम से महिलाओं को रोजगार का एक नया अवसर मिला है। उन्होंने महिला समूहों को ट्रेनिंग देकर इस काम में जोडऩे के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही तैयार पेंट के विक्रय के लिए मार्केटिंग चैनल बनाने के भी निर्देश दिए। इसके पूर्व उन्होंने गौठान परिसर में निर्माणाधीन ग्रामीण औद्योगिक पार्क का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहां शुरू होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बताया गया कि यहां फेब्रिकेशन, लोहार, बढ़ाई, मशरूम, हल्दी प्रोसेसिंग, कोसा यूनिट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय स्तर उद्यमी चिन्हांकित किए जा चुके है, उन्हें ट्रेनिंग भी जा रही है। संभागायुक्त डॉ.अलंग ने कहा कि यहां से तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जाए। उन्होंने परिसर में फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश दिए।

**महिलाओं ने कहा-गौठान से जुड़ कर घर खर्च में बंटा रहे हाथ, संभागायुक्त ने की सराहना**

संभागायुक्त डॉ.अलंग ने निरीक्षण के दौरान गौठान में बाड़ी विकास के कार्यो तथा मल्टी एक्टीविटी सेंटर का अवलोकन किया। यहां पर उन्होंने समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके कामकाज के बारे में जाना। महिलाओं ने बताया कि वे टमाटर व तरबूज की खेती कर रही है। टमाटर की तोड़ाई चल रही है तथा तरबूज में फल लगने शुरू हो चुके है। संभागायुक्त डॉ.अलंग ने जब महिलाओं से गौठान से जुडऩे के उनके अनुभव के बारे में पूछा तो महिलाओं ने बताया कि उन्हें यहां से मिल रही आमदनी से वे घर खर्च में हाथ बंटा रही है। बच्चों की कापी-किताब से लेकर राशन के लिए भी अब उन्हें पैसे नहीं मांगने पड़ते। अपनी कमाई से वे इन सब की व्यवस्था कर पा रही है। संभागायुक्त डॉ.अलंग ने महिला समूह के कार्यों तथा प्रयासों की सराहना की तथा आगे और बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।

# 10 वीं बोर्ड का हिन्दी पेपर संपन्न : 18 हजार 763 में से 805 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2023-कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 2 मार्च को विशिष्ट हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला को मिलाकर 18 हजार 763 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसके लिए 147 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें से 17 हजार 958 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 805 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले में 14 हजार 72 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 13 हजार 446 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 626 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसके लिए 116 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें धरमजयगढ़ में 19, घरघोड़ा में 7, खरसिया में 24, लैलूंगा में 14, तमनार में 10, रायगढ़ में 26 एवं पुसौर में 16 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। इसी प्रकार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 4 हजार 691 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 4 हजार 512 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 179 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसके लिए 31 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। जिसमें बरमकेला में 15 एवं सारंगढ़ में 16 केन्द्र बनाये गये थे।

# सुग्घर पढ़वईया योजना अंतर्गत थर्ड पार्टी आकलन संपन्न

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग की महती योजना सुग्घर पढ़वईया योजना के तहत विकासखंड के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों का शत-प्रतिशत पंजीयन किया गया है। विकासखंड खरसिया प्राथमिक शाला सेंद्रीपाली में थर्ड पार्टी आकलन हेतु राज्य शैक्षिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान परिषद, रायपुर से सहायक प्राध्यापक के.के.शुक्ला 27 फरवरी को उपस्थित होकर थर्ड पार्टी का आकलन किए। थर्ड पार्टी आकलनकर्ता शुक्ला के द्वारा विद्यालय के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा पहली से पांचवी तक के सभी छात्रों को विभिन्न विषयों से संबंधित दक्षता से जुड़े हुए प्रश्न किए गए, छात्रों ने भी प्रश्नों के जवाब दिए। छात्रों के अच्छे प्रदर्शन को लेकर शुक्ला के द्वारा विद्यालय के प्रधान पाठक अंजू सिदार एवं शिक्षक पद्मन पटेल की प्रशंसा किये।

थर्ड पार्टी आकलन की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग देने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ के व्याख्याता अनिल गबेल, अजीत नायक एवं भूषण प्रधान उपस्थित थे। विकासखंड खरसिया के बीआरसी प्रदीप साहू एवं संकुल समन्वयक संकुल केंद्र रॉबर्टसन, कुनकुनी, जैमुरा, सोंडका आकलन की प्रक्रिया में सहयोग करने हेतु उपस्थित रहे। विकासखंड खरसिया के बाकी अन्य विद्यालयों में थर्ड पार्टी आकलन किस प्रकार किया जाएगा। इस संबंध में राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद से आए अधिकारी शुक्ला के द्वारा जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ के व्याख्याता गण एवं बीआरसी खरसिया एवं सीएसी गणों को संक्षिप्त प्रशिक्षण भी दिया गया। सुग्घर पढ़वईया योजना के क्रियान्वयन से विकास खंड के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में निश्चित तौर पर सुधार आ रहा है एवं आगामी समय में छात्रों में वांछित दक्षता की प्राप्ति का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा। इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन करने हेतु विकासखंड खरसिया के समस्त संकुल समन्वयक एवं एफ एल एन मेंटर प्रभारियों को पूर्व में ही प्रशिक्षित किया गया है।

# नियमित रूप से आयोजित होंगे राजस्व शिविर -कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

- 27 सौ मामले मौके पर निराकृत, 88 प्रतिशत आवेदन का हुआ निराकरण, शेष में कार्यवाही प्रारंभ
- स्पॉट पर ही बनाए गए आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, नामांतरण और बटांकन के मामले भी निपटाए गए

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में राजस्व मामलों के निराकरण के लिए जिले के तहसील कार्यालयों में आज वृहद राजस्व शिविर आयोजित किया गया। जिसमें राजस्व से जुड़े मामलों का बड़ी संख्या में निराकरण किया गया। इस दौरान तहसील स्तर के सभी राजस्व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिससे आमजनों के राजस्व से जुड़े अधिकतर मामलों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस रायगढ़ में आयोजित वृहद राजस्व शिविर में बड़ी संख्या में राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जिससे आमजनों को राजस्व से जुड़े प्रकरणों में काफी सुविधा मिली थी। जिसे देखते हुए कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर आज रायगढ़ जिले के पुसौर, तमनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया एवं लैलूंगा तहसील में वृहद राजस्व शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 3052 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 2704 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष 348 आवेदनों के निराकरण के लिए भी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।



तहसील खरसिया में आयोजित राजस्व शिविर में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों के राजस्व से जुड़े मामलों का त्वरित निराकरण करना है। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष आवेदनों को एक सप्ताह में निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को कहा कि राजस्व मामलों के निराकरण के लिए नियमित रूप से राजस्व शिविर आयोजित करें, जिससें आमजनों को एक ही स्थान में राजस्व से जुड़ी सभी प्रकार की सेवाएं मिल सके एवं उन्हें अनावश्यक परेशानी न हो।

**2704 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण-** जिले में आयोजित वृहद राजस्व शिविर में आज तहसीलवार कुल 3052 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें कुल 2704 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। पुसौर में 16, खरसिया में 882, घरघोड़ा में 634, तमनार में 777, लैलूंगा 308, धरमजयगढ़ में 435 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें फौती नामांतरण के 93, बंटवारा के 35, अभिलेख सुधार के 193, किसान किताब के 126, सीमांकन के 53, आरबीसी 6-4 मुआवजा वितरण के 10, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान के 10, आय प्रमाण-पत्र के 187, निवास प्रमाण-पत्र के 153, जाति प्रमाण-पत्र के 183, जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र के 87, नक्शा-खसरा, बी-1 वितरण के 347 एवं अन्य राजस्व सेवाएं डिजिटल सिग्नेचर, नक्शा बटांकन के 1227 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480